सीबीएसई/प.नि./पीपीएस/2021 09/02/2022

अधिसूचना

सीबीएसई ने दिनांक 05 जुलाई, 2021 के परिपत्र सं. शैक्ष.-51/2021 द्वारा यह अधिसूचित किया था कि सत्र 2021-2022 में, बोर्ड की परीक्षाएँ दो टर्म में आयोजित की जाएंगी, अर्थात टर्म-I तथा टर्म-II. यह निर्णय कोविड -19 महामारी से उत्पन्न अनिश्चितता के कारण लिया गया था।

बोर्ड द्वारा हाल ही में टर्म 1 की परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। बोर्ड ने विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा के बाद और देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए टर्म II की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में निम्नानुसार आयोजित करने का निर्णय लिया है:-

1. टर्म II थ्योरी की परीक्षाएँ **26 अप्रैल, 2022** से शुरू होंगी।
2. प्रश्न पत्र का पैटर्न बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए सैंपल प्रश्न पत्रों के समान होगा।
3. छात्र पिछले वर्षों की तरह आवंटित परीक्षा केंद्रों से परीक्षा में शामिल होंगे।
4. 10वीं तथा 12वीं कक्षाओं के लिए तिथि पत्रक जल्दी ही जारी किया जाएगा और वह बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर उपलब्ध होगा।

सोशल मीडिया पर फैले संदेशों/सूचनाओं पर बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध तथ्यों के सत्यापन के बाद ही विचार किया जाए।

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: वेब एडमिन को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ